प्रादेशिक समाचार
17.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. रघुवर दास कैबिनेट के पांच मंत्रियों को बड़ी राहत, आय से अधिक संपत्ति मामले में दर्ज याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज।

2. भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गिरिडीह के हिंसा प्रभावित क्षेत्र घोड़थंबा का किया दौरा, राज्य की कानून व्यवस्था पर उठाये सवाल।

3. पश्चिमी सिंहभूम जिले में बड़ा हादसा, अगलगी की एक घटना में चार बच्चों की मौत, क्षेत्र में मातम का माहौल।

4. रांची समेत राज्य के कई हिस्सों में बारिश से तापमान में आयी गिरावट, मौसम विभाग ने 20 मार्च तक मौसम में उतार–चढ़ाव जारी रहने का जताया पूर्वानुमान।

5. झारखंड अस्मिता जूनियर और सब जूनियर महिला हॉकी लीग की रांची में शुरू, अंतर जिला महिला अंडर–19 क्रिकेट प्रतियोगिता में धनबाद ने खूंटी को और रांची ने हजारीबाग को हराया।

******************

रघुवर दास सरकार के पांच मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका झारखंड हाई कोर्ट ने खारिज कर दी है। इससे पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, लुइस मरांडी और रणधीर सिंह को बड़ी राहत मिली है। दरअसल वर्ष 2020 में सोशल एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव ने जनहित याचिका दायर कर आय से अधिक संपति होने का आरोप लगाते हुए एसीबी से जांच की मांग की थी। जुलाई 2023 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कैबिनेट से पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी जांच की स्वीकृति दी थी।

******************

झारखंड हाईकोर्ट के सभी अधिवक्ता अब चीफ जस्टिस समेत तीन जजों की कोर्ट में न्यायिक कार्य में हिस्सा लेंगे। अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि यह प्रस्ताव आज हुई एडवोकेट एसोसिएशन की जनरल बॉडी की बैठक में सर्वसम्मति से लिया गया।

******************

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने आज गिरिडीह के हिंसा प्रभावित क्षेत्र घोड़थंबा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने होली जुलूस पर पथराव और आगजनी से पीड़ित लोगों से मुलाकात की और घटना की जानकारी प्राप्त की। श्री मरांडी ने राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाये।

******************

पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने आज रांची के नामकुम स्थित खटाल और जोरार बस्ती के बीच हुए विवाद में मृत सोनू मुंडा के परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने परिजनों को ढ़ाढस बंधाया और दोषियों पर करवाई का भरोसा दिलाया। हाल के दिनों में जनजातीय समाज पर हो रहे हमलों पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सरकार की आलोचना की।

******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले के जगन्नाथपुर थाना क्षेत्र में आज अगलगी की एक घटना में चार बच्चों की मृत्यु हो गई। गितिलपी गांव के रामोसाई टोला में यह घटना दिन के 11 बजे के आसपास घटी। बताया जाता है कि पुआल के ढेर में ये बच्चे खेल रहे थे उसी दौरान पुआल में आग लग गई और बच्चे उसी में फंसकर झुलस गए। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में माहौल गमगीन हो गया है।

******************

मुंबई में आगामी 1 मई से वेव्स सम्मेलन का आयोजन होगा। इसे लेकर देशभर में जबर्दस्त उत्सुकता दिख रही है। इस अभूतपूर्व आयोजन में झारखंड के विद्यार्थियों को भी हिस्सा लेने का मौका मिल सकता है।

******************

लातेहार में अवस्थित चेरो राजवंश के ऐतिहासिक पलामू किला को संरक्षित करने की पहल तेज कर दी गयी है। इस सिलसिले में हेरिटेज कंजर्वेशन की टीम देव सिंह के नेतृत्व में पलामू किला का जायजा लिया। मौके पर मौजूद पीटीआर के उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने कहा कि पलामू किला के जीर्णोद्धार से क्षेत्र में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे।

******************

पूर्वी सिंहभूम जिले से पुलिस ने कुख्यात अपराधी भानु माझी और आर्म्स पेडलर राकेश मंडल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके पास से दो पिस्तौल, दो देसी कट्टा और आठ गोलियां बरामद की हैं।

******************

<u>संक्षिप्त खबरें</u>

- रांची के उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने आज जिले के सभी वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान चलाने का निर्देश दिया।
- हजारीबाग पुलिस ने पांडे गिरोह के सक्रिय अपराधी विक्की और आजाद अंसारी को गिरफ्तार किया है। अपराधियों के पास से हथियार भी बरामद किये गये हैं।

******************

राज्य में 20 मार्च तक मौसम में उतार–चढ़ाव जारी रहेगा। राज्य के कुछ हिस्सों में धूप तो कुछ में हल्की बारिश होगी। मौसम विभाग के अनुसार कल कई जिलों में आंशिक बादल छाए रहेंगे, जबकि 20 मार्च को दक्षिणी, उत्तर–पश्चिमी तथा इससे लगे राज्य के मध्यवर्ती जिलों में हल्की बारिश होने की सम्भावना है। आज रांची समेत राज्य के इलाकों में बादल छाए रहे और हल्की बारिश भी हुई।

******************

झारखंड अस्मिता जूनियर और सब जूनियर महिला हॉकी लीग आज से रांची में शुरु हो गयी है। भारतीय खेल प्राधिकरण और हॉकी इंडिया के सहयोग से हॉकी झारखंड द्वारा 24 मार्च तक आयोजित इस प्रतियोगिता में सिमडेगा, खूंटी, गुमला, रांची, हजारीबाग, पश्चिमी सिंहभूम,बोकारो और पलामू जिला की टीम भाग ले रही हैं।

******************

पश्चिमी सिंहभूम में आयोजित अंतर जिला महिला अंडर–19 क्रिकेट प्रतियोगिता के ग्रुप बी के उदघाटन मैच में आज धनबाद ने खूंटी को एकतरफा मुकाबले में 148 रन से पराजित कर दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए धनबाद की पूरी टीम 37 ओवर में 204 रन बनाकर आल आउट हो गई। जीत के लिए निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी खूंटी की पूरी टीम 23 ओवर 2 बॉल में 56 रन पर ही सिमट गयी। उधर, बोकारो में खेले गये एक मैच में रांची ने हजारीबाग को 195 रन के बड़े अंतर से हरा दिया

*******************

रांची के जेएससीए स्टेडियम में खेले जा रहे एचबी बोधनवाला ट्रॉफी के अपने पहले मुकाबले में रांची ने पश्चिमी सिंहभूम को 125 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया।

*******समाप्त********